जो तेरी चोकथ पे आए मैया

जो तेरी चोकथ पे आए मैया,
खाली हाथ न कभी जाए मैया,
तू ही जगदम्बे मैया तू ही माँ अम्बे मैया,
कोई न जाने तेरी कैसी है माया ,

तेरे गुण गाते है हम करते है जागरण,
तेरी झोली में है हर दु:ख का निवारण,
ढोल तासे है बाजे सात सुर समाये,
तेरी कृपा से मैया जग मुस्कुराये,

तू ही जगदम्बे मैया तू ही माँ अम्बे मैया,
कोई न जाने तेरी कैसी है माया,
जो तेरी चोकथ पे आये मैया,
खली हाथ न कभी जाए मैया,

दुस्टो का नाश करे तू भक्तो में वास करे तू,
पवन चरणों में तेरी स्वर्ग है समाये,
जलती रहेगी जब तक तेरी ज्योति,
हर पत्थर भी बन जाए हिरे मोती,

तू ही पहरोंवाली तू ही माँ शेरोवाली,
तू ही माँ जगदम्बे,तू ही महाकाली,

जो तेरी चोकथ पे आए मैया,
खली हाथ न कभी जाए मैया,

Source:
https://www.bharattemples.com/jo-teri-chokath-pe-aaye-maiya-khali-hath-na-kabhi-jaye-maiya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw